यूरपदेशनिवासी रसायनविद्या के पण्डित कहते हैं कि जल [जिस् को भारतवर्षीय पण्डित कहते हैं कि अमिश्रित द्रव्य है] दो वायु से बना है और उन् में से एक वायु हमारे श्वाससम्बन्धी वायु का मुख्य अंश है और इस् का प्रमाण उन् के रसायन शास्त्र में विस्तारपूर्व्वक मिलेगा॥ अब इस् के आगे गुण [अर्थात् वस्तु का धर्म्म जैसे पृथिवी का धर्म्म गुरुत्व और रूप इत्यादि] कहा जाता है सो चौबीस प्रकार का है।

॥ मूल ॥

रूपरसगन्धस्पर्शसंख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्व
गुरुत्वद्रवत्वस्नेहशब्दबुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्म्माधर्म्मसंस्का
राश्चतुर्विंशति गुणाः।

॥ अनुवाद ॥

रूप रस गन्ध स्पर्श संख्या नाप भिन्नता संयोग विभाग परत्व सन्निकटता भार द्रवत्व स्नेह शब्द बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष चेष्टा धर्म्म अधर्म्म संस्कार।

॥ टीका ॥

इन् प्रत्येक गुणों के लक्षण आगे लिखे जायेंगे।

॥ टीका ॥

कर्म्म कै प्रकार का है सो अब लिखते हैं।

॥ मूल ॥

५ उत्क्षेपणापक्षेपणाकुञ्चनप्रसारणगमनानि पंचैव कर्म्माणि।

॥ अनुवाद ॥

ऊपर फेंकना नीचे गिराना सिकोड़ना फैलाना चलना। ये पांच कर्म्म कहलाते हैं।

॥ मूल ॥

१ परमपरञ्चेति द्विविधं सामान्यम्।

॥ अनुवाद ॥

सामान्य [अर्थात् जाति जैसे घटत्व और पटत्व इत्यादि] दो प्रकार का है पर और अपर।

॥ टीका ॥

इन् के लक्षण आगे मिलेंगे।

॥ मूल ॥

७ नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्त्वनन्ता एव।

॥ अनुवाद ॥

विशेष जो कि नित्य द्रव्य में रहते हैं अनंत हैं।

॥ टीका ॥

नित्य द्रव्य से मन आत्मा काल परमाण्वादिक बूझे जाते हैं। परमाणु उस् को कहते हैं कि जिस् से नैयायिकों के मतानुसार एथिवी जल इत्यादि की उत्पत्ति होती है।

॥ मूल ॥

समवायस्त्वेक एव।

॥ अनुवाद ॥

समवाय एक ही है।

॥ मूल ॥

अभावश्चतुर्विधः प्रागभावः प्रध्वंसाभावोऽत्यन्ताभावोऽन्योन्या ९
भावश्चेति।

॥ अनुवाद ॥

अभाव [अर्थात् अविद्यमानता] चार प्रकार का है प्रागभाव प्रध्वंसाभाव अत्यन्ताभाव और अन्योन्याभाव।

॥ टीका ॥

प्रत्येक पदार्थ के भेद कथन के अनन्तर अब प्रत्येक द्रव्यों का लक्षण लिखते हैं।

॥ मूल ॥

१० गन्धवती पृथिवी सा द्विविधा नित्याऽनित्याचेति नित्या परमाणु रूपा अनित्या कार्य्यरूपा।

॥ अनुवाद ॥

गन्धगुण जिस् में हो उसे पृथिवी कहते हैं। सो दो प्रकार की है नित्य और अनित्य। परमाणुरूप नित्य है और जब कि इन् परमाणुओं से कुछ कार्य्य उत्पन्न होता है तब वुह अनित्य कहलाती है।

॥ मूल ॥

सा पुनस्त्रिविधा शरीरेन्द्रियविषयभेदात् शरीरमस्मदादीनाम् इन्द्रियं गन्धग्राहकं घ्राणम् नासाग्रवर्त्ति विषयो मृत्पाषाणादिः।

॥ अनुवाद ॥

वुह [अर्थात् कार्य्यरूप पृथिवी] तीन प्रकार की है शरीर इन्द्री विषय इन् भेदों से। शरीर हम लोगों की। इन्द्री गन्ध ग्रहण करने वाली घ्राण नामक जो नासिका के अग्रभाग में रहती है। और विषय [अर्थात् अवयवी] मृत्तिका पाषाण इत्यादि हैं।

॥ मूल ॥

११ शीतस्पर्शवत्य आपः।

॥ अनुवाद ॥

जो स्पर्श करने में ठंढा ज्ञात होता है उसे जल कहते हैं।

॥ मूल ॥

तास्च द्विविधा नित्या अनित्यास्च नित्याःपरमाणुरूपा अनित्याः कार्य्यरूपाः। पुनस्त्रिविधाः शरीरेंद्रियविषयभेदात्। शरीरं वरुणलोके। इन्द्रियं रसग्राहकं रसनं जिह्वाग्रवर्त्ति। विषयः सरित्समुद्रादिः।

॥ अनुवाद ॥

और वह [अर्थात् जल] दो प्रकार का है नित्य और अनित्य परमाणुरूप नित्य है और जब कि इन् परमाणुओं से कार्य्य उत्पन्न होता है तब वह अनित्य कहलाता है। वह कार्य्यरूप जल तीन प्रकार का है शरीर इन्द्री विषय इन् भेदों से। शरीर वरुणलोक में होती है और इन्द्री रस को बूझनेवाली जिस् को रसन कहते हैं जिह्वा के अग्रभाग में रहती है। और विषय नदी समुद्र इत्यादि हैं।

॥ मूल ॥

उष्णस्पर्शवत्तेजः तद्द्विविधम् नित्यमनित्यंच नित्यं परमाणुरूपम् ३
नित्यं कार्य्यरूपम्। पुनस्त्रिविधम् शरीरेंद्रियविषयभेदात्। शरीर मादित्यलोके प्रसिद्धम् इन्द्रियं रूपग्राहकं चक्षुः कृष्णसाराग्रवर्त्ति विषयस्चतुर्विधो भौमदिव्यौदर्य्याकरजभेदात्। भौमं वह्न्यादिकम्। अबिन्धनं दिव्यं विद्युदादि। भुक्तस्य परिणामहेतुरौदर्य्यम्। आकरजं सुवर्णादि।

॥ अनुवाद ॥

जिस् का स्पर्श उष्ण हो उस्को तेज कहते हैं। सो दो प्रकार का है नित्य और अनित्य परमाणुरूप नित्य है और कार्य्यरूप अनित्य यह कार्य्यरूप तेज तीन प्रकार का है शरीर इन्द्री विषय इन् भेदों से शरीर सूर्य्यलोक में होता है यह बात प्रसिद्ध है। इन्द्री रूप ग्रहणकरनेवाली जिस् को चक्षु कहते हैं नेत्र की पुतली के अग्रभाग में रहती है। और विषय चार प्रकार का है भूमि में उत्पन्न आकाश में उत्पन्न उदर में उत्पन्न और आकर में उत्पन्न इन् भेदों से। भूमि में उत्पन्न अग्न्यादि। आकाश में उत्पन्न बिजुलीआदि जिस् का इन्धन जल है। और उदर में रहनेवाला वह है जो भुक्त वस्तु के परिणाम का हेतु है। आकर में उत्पन्न तेज वह है जो खान में पाया जाता है जैसे सोना इत्यादि।

॥ टीका ॥

परन्तु इस् बात पर यूरपदेश निवासी पण्डित लोग कहते हैं कि औदर्य्य तेज भुक्त वस्तु के परिणाम का कार्य्य है परन्तु कारण नहीं है। इस् बात का विवरण विस्तारपूर्वक उन् के रसायन शास्त्र के ग्रंथों में लिखित है। न्याय शास्त्र में चक्षु इन्द्री को कहते हैं कि तेज है और जब कि नेत्र की पुत्ली में से निकलकर विषय पर लगता है तब आत्मा को रूप का ज्ञान होता है। और भाषापरिच्छेद

में लिखा है कि आलोक और उद्भूत रूप के सम्बन्ध से चक्षु रूप का ग्रहण करता है परन्तु सम्प्रतिकालिक दर्शनानुशासनज्ञाता लोग कहते हैं कि हम लोगों को रूप का ज्ञान तेज के आने से नेत्र में होता है और न कि चक्षु में से तेज के जाने से विषय पर। जैसे गेंद को दीवार पर मारते हैं और वह स्थितिस्थापकसंस्कार के कारण से फिर आता है वैसे ही आलोक सूर्य्यादि से आके रूप विशिष्टपदार्थ पर लग के चक्षु में जाता है तब आत्मा को रूप का ज्ञान होता है। और इसी स्थितिस्थापकसंस्कार को यूरपदेशीय वायु आदि में मानते हैं जैसे भाषापरिच्छेद में लिखा है कि कई एक लोग स्थितिस्थापकसंस्कार को चारों भूतों में मानते हैं।

॥ मूल ॥

रूपरहितस्पर्शवान्वायुः। स द्विविधो नित्योऽनित्यश्च नित्यःपरमाणुरूपोऽनित्यः कार्य्यरूपः। पुनस्त्रिविधः शरीरेंद्रियविषयभेदात् शरीरं वायुलोके इन्द्रियं स्पर्शग्राहकं त्वक् सर्व्वशरीरवर्त्ति विषयो वृक्षादिकम्पनहेतुः।

॥ अनुवाद ॥

जिस का रूप नहीं है और स्पर्श होता है उसे वायु कहते हैं। वह

दो प्रकार का है नित्य और अनित्य। परमाणुरूप नित्य है और कार्य्यरूप अनित्य और कार्य्यरूप वायु तीन प्रकार का है शरीर इन्द्री विषय इन् भेदों से। शरीर वायुलोक में होती है। इन्द्री स्पर्शग्रहणकरनेवाली त्वचा है जो सर्व्वशरीरवर्त्ती है। और विषय वह है जो दृष्टादि के कम्पन का हेतु है।

॥ टीका ॥

इन् दिनों में बहुधा लोग समझते हैं कि वायु रूपरहित द्रव्य है परन्तु दूसरे लोग कहते हैं कि उस् का रूप नीला है। और प्रमाण इस् का वहां लिखा जायगा जहां कि गुणों का विवरण किया जायगा।

॥ मूल ॥

शरीरान्तःसंचारी वायुःप्राणः सचैकोऽप्युपाधिभेदात्प्राणापाना दिसंज्ञां लभते।

॥ अनुवाद ॥

देह के भीतर संचारकरनेवाला वायु प्राण कहलाता है यद्यपि वह एक है तथापि उपाधि भेद से प्राण अपान उदान व्यान समान कहलाता है।

॥ मूल ॥

शब्दगुणमाकाशं तच्चैकं विभु नित्यञ्च ।

॥ अनुवाद ॥

शब्द गुण जिस् में है उस् को आकाश कहते हैं वह एक है व्यापक है और नित्य है ।

॥ मूल ॥

अतीतादि व्यवहारहेतुः कालः सचैको विभुर्नित्यश्च । २१

॥ अनुवाद ॥

व्यतीत वर्त्तमान भविष्य व्यवहार के हेतु को काल कहते हैं वह एक है व्यापक है और नित्य है ।

॥ मूल ॥

प्राच्यादिव्यवहारहेतुर्दिक् साचैका नित्या विभ्वीच । २६

॥ अनुवाद ॥

पूर्व्व पश्चिम इत्यादि व्यवहार के हेत को दिशा कहते हैं । वह एक है व्यापक है और नित्य है ।

॥ मूल ॥

ज्ञानाधिकरणमात्मा स द्विविधो जीवात्मा परमात्माच। तत्रेश्वरः सर्व्वज्ञः परमात्मा एक एव। जीवात्मा प्रति शरीरं भिन्नो विभुर्नित्यश्च।

॥ अनुवाद ॥

ज्ञान का अधिकरण [अर्थात् ज्ञान जिस् में रहता है] उस् को आत्मा कहते हैं। वह दो प्रकार का है जीवात्मा और परमात्मा। परमात्मा ईश्वर है सर्व्वज्ञ है एकही है और सुख दुःखादि से रहित है। और जीवात्मा प्रति शरीर भिन्न २ है व्यापक है और नित्य है।

॥ मूल ॥

सुखाद्युपलब्धिसाधनमिन्द्रियम्मनः तच्च प्रत्यात्मनियतत्वादनन्तं परमाणुरूपं नित्यञ्च।

॥ अनुवाद ॥

जो इन्द्री सुख दुःख इत्यादि के अनुभव करने में हेतु है उस् को मन कहते हैं। और वह अनगिनत है इस् कारण कि प्रत्येक आत्मा के संग रहता है। परमाणुरूप है और नित्य है।

॥ टीका ॥

मीमांसाशास्त्र में मन को व्यापक कहा है परन्तु नैयायिक लोग इस् बात का खण्डन करते हैं कि जो मन को व्यापक मानेंगे तो वह एक काल में सब इन्द्रियों के विषय का भोग करेगा और ऐसा नहीं हो सक्ता।

॥ मूल ॥

चक्षुर्मात्रग्राह्यो गुणो रूपम्। तच्च शुक्लनीलपीतरक्तहरितकपिश्चित्रभेदात्सप्तविधम्। पृथिवीजलतेजोवृत्ति। तत्र पृथिव्यां सप्तविधम्। अभास्वरं शुक्लं जले। भास्वरं शुक्लञ्च तेजसि।

॥ अनुवाद ॥

रूप उस् गुण को कहते हैं जो केवल चक्षु इन्द्री से गृहीत होता है और यह गुण सात प्रकार का है शुक्ल नील पीत रक्त हरित कपिश चित्र इन् भेदों से। यह गुण पृथिवी जल तेज में होता है। पृथिवी में सातों प्रकार का रूप रहता है और जल में अभास्वर शुक्ल रूप रहता है और भास्वर शुक्ल रूप तेज में होता है।

॥ टीका ॥

यूरपदेशनिवासी नवीन शास्त्रज्ञों के अनुसार सब रूप केवल प्रकाश में रहता है जिस को त्रिकोणकाचदण्ड से भिन्न दिखला सक्ते हैं।

॥ मूल ॥

रसनग्राह्यो गुणो रसः। स च मधुराम्ललवणकटुकषायतिक्त भेदात् षड्विधः। पृथिवीजलवृत्तिः। पृथिव्यां षड्विधः जले मधुर एव।

॥ अनुवाद ॥

जो गुण रसन इन्द्री से ग्रात होता है सो रस कहलाता है। और वुह [अर्थात् रस गुण] छ प्रकार का है मधुर मीठा आम्ल आमिला लवण नोन कटु कडुआ कषाय कसैला तिक्त तीता इन भेदों से। यह गुण पृथिवी और जल में रहता है। पृथिवी में छ प्रकार का रस होता है और जल में केवल मधुर रस होता है।

॥ टीका ॥

यूरपदेशीय नवीन विद्यावान् कथन करते हैं कि स्वच्छ जल में स्वाद नहीं होता और मधुरता केवल चीनी आदि वस्तुओं में पाई जाती है।

॥ मूल ॥

घ्राणग्राह्यो गुणो गन्धः स द्विविधः सुरभिरसुरभिश्च पृथिवी मात्रवृत्तिः।

॥ अनुवाद ॥

घ्राण इन्द्री से जो गुण गृहीत होता है सो गन्ध कहलाता है। सो दो प्रकार का है सुरभि [अर्थात् सुगन्ध] और असुरभि [अर्थात् दुर्गन्ध]। यह गुण पृथिवी मात्र में रहता है।

॥ मूल ॥

त्वगिंद्रियमात्रग्राह्यो गुणः स्पर्शः। सच त्रिविधः शीतोष्णानुष्णा २
शीतभेदात्। पृथिव्यग्नेजोवायुवृत्तिः। तत्र शीतो जले। उष्ण
स्तेजसि। अनुष्णाशीतः पृथिवीवाय्वोः।

॥ अनुवाद ॥

केवल त्वचा इन्द्री से जिस गुण को ग्रात करते हैं उसे स्पर्श कहते हैं। यह गुण तीन प्रकार का है शीत उष्ण और अनुष्णाशीत [अर्थात् न शीत और न उष्ण] इन् भेदों से। यह गुण पृथिवी जल तेज वायु में रहता है। शीत स्पर्श जल में रहता है उष्ण स्पर्श तेज में और अनुष्णाशीत पृथिवी और वायु में।

॥ मूल ॥

रूपादिचतुष्टयं पृथिव्यां पाकजमनित्यंच। अन्यत्रापाकजं नित्य २
मनित्यंच। नित्यगतं नित्यम्। अनित्यगतमनित्यम्।

॥ अनुवाद ॥

रूपादि चारो [अर्थात् रूप रस गंध स्पर्श] पृथिवी में [अर्थात् पार्थिवपदार्थों में] पाक से [अर्थात् तेज के विशेष संयोग से] उत्पन्न होते हैं और अनित्य हैं। दूसरों में [अर्थात् जल तेज वायु में]

रूपादि तेज के संयोग से जनित नहीं होते हैं नित्य भी हैं और अनित्य भी हैं नित्य पदार्थों में जब वर्त्तमान हैं तब नित्य हैं और जब कि अनित्य वस्तु में रहते हैं तब अनित्य कहे जाते हैं।

॥ मूल ॥

एकत्वादिव्यवहारासाधारणहेतुस्संख्या।

॥ अनुवाद ॥

एकत्व आदि व्यवहार के विशेष हेतु को संख्या कहते हैं।

॥ मूल ॥

सा नवद्रव्यवृत्तिः। एकत्वादिपरार्द्धपर्य्यंता। एकत्वं नित्यमनित्यंच नित्यगतं नित्यम् अनित्यगतमनित्यम्। द्वित्वादिकंतु सर्व्वत्रानित्य मेव।

॥ अनुवाद ॥

वृत्त [अर्थात् संख्या] नवो द्रव्यों में रहती है और एकत्व से लेके परार्द्ध पर्य्यन्त है। एकत्व नित्य भी है और अनित्य भी है नित्य पदार्थ में नित्य है और अनित्य पदार्थ में अनित्य परंतु द्वित्व आदि सर्व्वत्र अनित्य ही है।

॥ मूल ॥

मानव्यवहारासाधारणं कारणं परिमाणं नवद्रव्यवृत्ति। तच्चतु विंधम् अणु महत् दीर्घं ह्रस्वंचेति।

॥ अनुवाद ॥

मान व्यवहार के विशेष कारण को परिमाण कहते हैं यह गुण नवो द्रव्य में रहता है और वुह [अर्थात् परिमाण] चार प्रकार का है अणु महत् दीर्घ और ह्रस्व इन भेदों से।

॥ मूल ॥

एथग्व्यवहारासाधारणं कारणं एथक्त्वं सर्व्वद्रव्यवृत्ति। २

॥ अनुवाद ॥

एथक् व्यवहार के मुख्य कारण को एथक्त्व कहते हैं। यह गुण सब द्रव्यो में रहता है।

॥ मूल ॥

संयुक्तव्यवहारासाधारणो हेतुः संयोगः सव्वद्रव्यवृत्तिः। २७

॥ अनुवाद ॥

संयुक्तव्यवहार के विशेष हेतु को संयोग कहते हैं। यह गुण भी सब द्रव्यों में रहता है।

॥ मूल ॥

संयोगनाशकोगुणो विभागः सर्व्वद्रव्यवृत्तिः।

॥ अनुवाद ॥

संयोग के नाश करनेवाले गुण को विभाग कहते हैं और यह सब द्रव्यों में रहता है।

॥ मूल ॥

परापरव्यवहारासाधारणकारणे परत्वापरत्वे। एथिव्यादिचतुष्टयमनोवृत्तिनौ ते द्विविधे दिक्कृते कालकृतेच। दूरस्थे दिक्कृतं परत्वं समीपस्थे दिक्कृतमपरत्वम्। ज्येष्ठे कालकृतम् परत्वमकनिष्ठे कालकृतमपरत्वम्।

॥ अनुवाद ॥

पर और अपर व्यवहार के असाधारण कारण को परत्व और

अपरत्व कहते हैं ये गुण पृथिवी जल तेज वायु और मन में रहते हैं। ये दो प्रकार के हैं दिक्कृत और काल कृत। दूर देश में जो वस्तु रहता है उस में दिक्कृत परत्व है और समीप देश में जो वस्तु रहता है उस में दिक्कृत अपरत्व है। ज्येष्ठ पुरुष में कालकृत परत्व होता है और कनिष्ठ पुरुष में कालकृत अपरत्व होता है परत्व और अपरत्व अपेक्षा से निर्णीत होते हैं।

॥ मूल ॥

आद्यपतनासमवायिकारणं गुरुत्वं पृथिवीजलवृत्ति। ३

॥ अनुवाद ॥

प्रथम पतन में जो गुण असमवायि कारण होता है उसे गुरुत्व कहते हैं। यह गुण पृथिवी और जल में रहता है।

॥ मूल ॥

आद्यस्यन्दनासमवायिकारणं द्रवत्वं पृथिव्यप्तेजोवृत्ति। तद् ३
द्विविधम् सांसिद्धिकं नैमित्तिकंच। सांसिद्धिकं जले। नैमित्तिकं पृथिवीतेजसोः। पृथिव्यां घृतादौ अग्निसंयोगजन्यं द्रवत्वम्।

॥ अनुवाद ॥

आद्यस्यन्दनमें [अर्थात् चूना वा टिघलना वा बहना] जो गुण

असमवायि कारण है सो द्रवत्व कहलाता है। यह गुण दो प्रकार का है। सांसिद्धिक [अर्थात् स्वभाव से सिद्ध] नैमित्तिक [अर्थात् निमित्त से उत्पन्न] सांसिद्धिक द्रवत्व जल में रहता है। और नैमित्तिक द्रवत्व पृथिवी और तेज में रहता है। घृत आदि पार्थिव पदार्थों में अग्नि के संयोग से द्रवत्व उत्पन्न होता है।

॥ मूल ॥

१२ चूर्णादिपिण्डीभावहेतुर्गुणः स्नेहो जलमात्रवृत्तिः।

॥ अनुवाद ॥

चूर्ण आदि के पिण्ड होने में जो गुण हेतु होता है उसे स्नेह कहते हैं यह गुण केवल जल में रहता है।

॥ मूल ॥

श्रोत्रग्राह्यो गुणः शब्दः आकाशमात्रवृत्तिः। स द्विविधः ध्वन्यात्मको वर्णात्मकश्चेति। ध्वन्यात्मको भेर्यादौ। वर्णात्मकः संस्कृतभाषादिरूपः।

॥ अनुवाद ॥

श्रोत्र इन्द्री से जो गुण गृहीत होता है उसे शब्द कहते हैं यह गुण केवल आकाश में रहता है। सो दो प्रकार का है ध्वन्यात्मक और

वर्णात्मक ध्वन्यात्मक शब्द भेरी आदिअवच्छेद से उत्पन्न होता है। संस्कृत हिन्दी भाषादि स्वरूप जो शब्द सो वर्णात्मक [अर्थात् अक्षर स्वरूप] कहलाता है।

॥ मूल ॥

सर्व्वव्यवहारहेतुर्ज्ञानं बुद्धिः। सा द्विविधा स्मृतिरनुभवश्च। ३९

॥ अनुवाद ॥

सब व्यवहार का हेतु जो ज्ञान उसे बुद्धि कहते हैं वह दो प्रकार की है स्मृति और अनुभव।

॥ मूल ॥

संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृतिः। तद्भिन्नमनुभवः। स द्विविधो ३९
यथार्थोऽयथार्थश्च।

॥ अनुवाद ॥

जो ज्ञान केवल संस्कार से उत्पन्न होता है उसे स्मृति कहते हैं। और उससे भिन्न जो ज्ञान सो अनुभव कहलाता है। वह [अर्थात अनुभव] दो प्रकार का है यथार्थ और अयथार्थ।

॥ मूल ॥

तद्वति तत्प्रकारकोऽनुभवो यथार्थः यथा रजते इदं रजतमिति ३५

ज्ञानम। सैव प्रमेत्युच्यते। तद्भाववति तत्प्रकारकोऽनुभवो ऽयथार्थः। यथा शुक्तौ इदं रजतमिति ज्ञानम।

॥ अनुवाद ॥

जो वस्तु जिस प्रकार की है उस वस्तु का उसी प्रकार से ज्ञान होनायथार्थ अनुभव कहलाता है। जैसे रजत में रजतत्व ज्ञान है। जो पदार्थ जैसा नहीं है उस पदार्थ को वैसा बूझना यह ज्ञान अयथार्थ अनुभव कहलाता है। जैसे शुक्ति में रजत का होना।

॥ मूल ॥

६ यथार्थानुभवश्चतुर्विधः प्रत्यक्षानुमित्युपमितिशाब्दभेदात्। तत्क रणमपि चतुर्विधम् प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दभेदात्।

॥ अनुवाद ॥

यथार्थ अनुभव चार प्रकार का है। प्रत्यक्ष अनुमिति उपमिति शाब्द इन भेदों से। और इन के करण [अर्थात् असाधारण कारण] भी चतुर्विध हैं। प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शब्द इन भेदों से।

॥ मूल ॥

व्यापारवदसाधारणं कारणं करणम्। ३७

॥ अनुवाद ॥

जो पदार्थ स्वकार्य द्वारा जिस कार्य का विशेष कारण है वह उस का करण है।

॥ मूल ॥

अनन्यथासिद्धकार्य्यनियतपूर्ववृत्ति कारणम्। ३८

॥ अनुवाद ॥

जो कार्योत्पत्ति के पूर्व नियत स्थिति करता हुआ कार्य में आवश्यक है वह कारण है।

॥ मूल ॥

कार्य्यं प्रागभावप्रतियोगि।

॥ अनुवाद ॥

प्रागभाव के प्रतियोगी को कार्य्य कहते हैं। ३९

॥ मूल ॥

कारणं त्रिविधम् समवाय्यसमवायिनिमित्तभेदात्। यत्समवेतं ४०
कार्य्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्। यथा तन्तवः पटस्य पटश्च स्वगतरूपादेः। कार्य्येण कारणेन वा सहैकस्मिन्नर्थे समवेतत्वे सति कारणमसमवायिकारणम्। यथा तन्तुसंयोगः पटस्य तन्तुरूपं पट

रूपस्य। तदुभयभिन्नं कारणं निमित्तकारणम्। यथा तुरीवेमादिकं पटस्य। तदेतत्त्रिविधकारणमध्ये यदसाधारणं कारणं तदेव करणम्।

॥ अनुवाद ॥

कारण तीन प्रकार का है समवायि असमवायि निमित्त इन भेदों से। जिस से और जिस कार्य से समवाय सम्बन्ध है वह उस कार्य का समवायि कारण है। जैसे वस्त्र का समवायि कारण तन्तु है और पट स्वगत रूपादि का समवायि कारण है। जो कारण अपने कार्य से वा उस के कारणान्तर से समानाधिकरण है। वह असमवायि कारण कहलाता है जैसे तन्तु संयोग पट का असमवायि कारण है। और जैसे तन्तु रूप पटगत रूप का इन दोनों कारणों से भिन्न जो कारण सो निमित्त कारण कहलाता है जैसे तुरी वेमादिक पट का निमित्त कारण है इन तीन प्रकार के कारण के मध्य में जो विशेष कारण है उसे करण कहते हैं।

देखो पृष्ठ ४६

॥ मूल ॥

६८ से

अनुमितिकरणमनुमानम्। परामर्शजन्यं ज्ञानमनुमितिः। व्याप्ति विशिष्ट पक्षधर्मताज्ञानं परामर्शः। यथा वह्निव्याप्यधूमवानयं पर्वत इति ज्ञानं परामर्शः। तज्जन्यं पर्व्वतो वह्निमानितिज्ञानं अनुमितिः। यत्र यत्र धूमस्तत्राग्निरिति साहचर्य्यनियमो व्याप्तिः। व्याप्यस्य पर्वतादिवृत्तित्वं पक्षधर्म्मता।

॥ अनुवाद ॥

अनुमान उसे कहते हैं जो कि अनुमिति का करण है। करण [अर्थात् उस का असाधारण कारण] अनुमिति उस ज्ञान को कहते हैं जो कि परामर्श से उत्पन्न होता है। व्याप्ति विशिष्ट जो हेतु उस का जो पक्ष वृत्तित्व ज्ञान सो परामर्श कहलाता है जैसे वह्नि से व्याप्य अर्थात् नियत सहचरित जो धूम तिस से युक्त यह पर्वत है इस ज्ञान को परामर्श कहते हैं। परामर्श से उत्पन्न जो ज्ञान कि पर्वत वह्निमान् है अनुमिति कहलाता है। जहां जहां धूम है वहां अग्नि है इस साहचर्य्य नियम को व्याप्ति कहते हैं। नियत सहचरित पदार्थ की जो पर्वतादि में वर्त्तमानता सो पक्ष धर्मता कहलाती है।

॥ मूल ॥

अनुमानं द्विविधं स्वार्थं परार्थञ्च। स्वार्थं स्वानुमितिहेतुः। ६
तथाहि। स्वयमेव भूयो दर्शनेन यत्र यत्र धूमस्तत्राग्निरिति महानसादौ व्याप्तिं गृहीत्वा पर्वतसमीपं गत्वा तत्रैवाग्नौ सन्दिहानः पर्वते धूमं पश्यन् व्याप्तिं स्मरति यत्र धूमस्तत्राग्निरिति। तदनन्तरं वह्निव्याप्यधूमवान् अयं पर्वत इति ज्ञानमुत्पद्यते। अयमेव लिङ्ग परामर्श इत्युच्यते। तस्मात्पर्वतो वह्निमानिति ज्ञानमनुमितिरुत्पद्यते। तदेतत्स्वार्थानुमानम्।

॥ अनुवाद ॥

अनुमान दो प्रकार का है स्वार्थ और परार्थ। अपने अनुमिति के हेतु को स्वार्थ अनुमान कहते हैं जैसे कोई पुरुष बार बार के

दर्शन से जहां धूम है वहां अग्नि भी है इस व्याप्ति को महानस आदि में ग्रहण करके पर्वत के समीप गया तब उस को सन्देह हुआ कि यहां अग्नि है कि नहीं और देखा कि पर्वत में धूम है तब व्याप्ति स्मरण किया कि जहां धूम वहां अग्नि इस के अनन्तर उस पुरुष को ज्ञान उत्पन्न होता है कि वह्नि व्याप्य धूमवान् यह पर्वत है। और इसी ज्ञान को लिङ्ग परामर्श कहते हैं। तो इस ज्ञान से पर्वत में अग्नि है यह अनुमिति उत्पन्न होती है। इसी को स्वार्थानुमान कहते हैं।

॥ मूल ॥

यत्तु स्वयं धूमादग्निमनुमाय परं प्रति बोधयितुं पञ्चावयववाक्यं प्रयुङ्क्ते तत्परार्थानुमानम्। यथा। पर्वतो वह्निमान् धूमवत्त्वात्। यो यो धूमवान् स वह्निमान् यथा महानसः। तथा चायम्। तस्मा त्तथेति अनेन प्रतिपादितालिङ्गात्परोऽप्यग्निं प्रतिपद्यते।

॥ अनुवाद ॥

जहां पञ्चावयव वाक्य का प्रयोग कोई पुरुष आप धूम से अग्नि की अनुमिति करके दूसरे पुरुष के समझाने के लिये करता है उस स्थल में परार्थानुमान होता है जैसे पर्वत वह्निमान् है इस लिये कि धूमवान् है क्योंकि जो जो धूमवान् है सो वह्निमान् है जैसे महानस तैसा यह है। इस कारण पर्वत अग्निमान् इस पञ्चावयव वाक्य से प्रतिपादित जो हेतु तिस हेतु से दूसरा भी अग्नि को जान सक्ता है।

॥ मूल ॥

प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनानि पञ्चावयवाः। पर्वतोवह्नि ९
मानिति प्रतिज्ञा। धूमवत्त्वादिति हेतुः। यो यो धूमवानित्यु
दाहरणम्। तथाचायमित्युपनयः। तस्मात्तथेति निगमनम्।

॥ अनुवाद ।

प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय और निगमन ये पांच अवयव कह ९
लाते हैं। पर्वत वह्निमान् है यह प्रतिज्ञा है। धूम से यह हेतु है। जो
जो धूमवान् है सो वह्निमान् यह उदाहरण है। और वैसा यह
है। यह उपनय है। इस से यह वैसा है। यह निगमन है।

॥ मूल ॥

स्वार्थानुमितिपरार्थानुमित्योर्लिङ्गपरामर्श एव कारणम् तस्मा १
ल्लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्

॥ अनुवाद ॥

स्वार्थ अनुमिति और परार्थ अनुमिति का लिंग परामर्श ही
कारण है इस कारण से लिंग परामर्श अनुमान कहलाता है।

॥ मूल ॥

लिङ्गं त्रिविधम्। अन्वयव्यतिरेकि केवलान्वयि केवलव्यतिरेकि ४
चेति। अन्वयेन व्यतिरेकेणच व्याप्तिमदन्वयव्यतिरेकि यथा वह्नौ
साध्ये धूमवत्त्वम्। यत्र धूमस्तत्राग्निर्यथा महानसे इत्यन्वयव्याप्तिः।
यत्र वह्निर्नास्ति तत्र धूमोऽपि नास्ति यथा महाह्रद इति व्यतिरेक

व्याप्तिः। अन्वयमात्रव्याप्तिकं केवलान्वयि। यथा घटोऽभिधेयः प्रमेयत्वात् पटवत्। अत्र प्रमेयत्वाभिधेयत्वयोर्व्यतिरेकव्याप्तिर्नास्ति सर्वस्य प्रमेयत्वादभिधेयत्वाच्च। व्यतिरेकमात्रव्याप्तिकं केवलव्यतिरेकि। यथा पृथिवीतरेभ्यो भिद्यते गन्धवत्त्वात्। यदितरेभ्यो न भिद्यते न तद्गन्धवत् यथा जलम्। नचेयं तथा। तस्मान्न तथेति। अत्र यद्गन्धवत्तदितरभिन्नमित्यन्वयदृष्टान्तो नास्ति पृथिवी मात्रस्य पक्षत्वात्।

॥ अनुवाद ॥

लिंग [हेतु] तीन प्रकार का है अन्वयव्यतिरेकि केवलान्वयि और केवल व्यतिरेकि। जिस हेतु में अन्वयव्याप्ति और व्यतिरेक व्याप्ति दोनों रहती हैं उस हेतु को अन्वयव्यतिरेकि कहते हैं जैसे वह्नि के अनुमान में धूम। जहां धूम वहां अग्नि रहती है जैसे महानस में। इस को अन्वय व्याप्ति कहते हैं। जहां वह्नि नहीं वहां धूम नहीं जैसे महाह्रद में। इस को व्यतिरेक व्याप्ति कहते हैं। जिस में केवल अन्वय व्याप्ति रहती है उस को केवलान्वयि कहते हैं जैसे घट अभिधेय है इस लिये कि प्रमेय है [अर्थात् ज्ञान का विषय] जैसे पट इस न्याय में प्रमेयत्व और अभिधेयत्व। इन दोनों की व्यतिरेक व्याप्ति नहीं होती है क्योंकि सब वस्तु प्रमेय है और अभिधेय है। जिस हेतु में केवल व्यतिरेक व्याप्ति रहती है सो केवलव्यतिरेकि कहलाता है जैसे पृथिवी दूसरे द्रव्यों से भिन्न है इस लिये कि गन्धवती है। जो इतर से [अर्थात् पृथिवी भिन्न द्रव्य से भिन्न नहीं

है सो गन्धवान् नहीं है जैसे जल] और यह [अर्थात् पृथिवी] वैसी नहीं है [अर्थात् गन्धवती है इस हेतु से वैसी नहीं है अर्थात् इतर से भिन्न है] इस स्थल में जो गन्धवान् है सो इतर से [अर्थात् जलादि से भिन्न है। यह अन्वय दृष्टान्त नहीं है क्योंकि पृथिवी मात्र पर साध्य का संदेह है]।

॥ मूल ॥

सन्दिग्धसाध्यवान् पक्षः। यथा धूमवत्त्वे हेतौ पर्वतः। निश्चित ४
साध्यवान् सपक्षः। यथा तत्रैव महानसः। निश्चितसाध्याभाव ५
वान् विपक्षः। यथा तत्रैव महाह्रदः। ५१

॥ अनुवाद ॥

जिस पदार्थ पर साध्य का संदेह रहता है उसे पक्ष कहते हैं। जैसे इस स्थल में धूम हेतु है वहां पर्वत पक्ष है क्योंकि अग्नि का संदेह है। जिस पर साध्य का निश्चय रहता है सो सपक्ष कहलाता है जैसे उसी स्थल में महानस। जिस में साध्य के अभाव का निश्चय है उसे विपक्ष कहते हैं जैसे उसी स्थल में महाह्रद।

॥ मूल ॥

सव्यभिचारविरुद्धसत्प्रतिपक्षासिद्धबाधिताः पञ्चहेत्वाभासाः। ५२

॥ अनुवाद ॥

सव्यभिचार विरुद्ध सत्प्रतिपक्ष असिद्ध और बाधित ये पांच हेत्वाभास कहलाते हैं।

॥ मूल ॥

१ सव्यभिचारोऽनैकान्तिकः। स त्रिविधः साधारणासाधारणानुपसंहारिभेदात्। तत्र साध्याभाववद्वृत्तिः साधारणोऽनैकान्तिकः। यथा पर्वतो वह्निमान् प्रमेयत्वादिति प्रमेयत्वस्य वह्न्यभाववति ह्रदे विद्यमानत्वात्।

॥ अनुवाद ॥

सव्यभिचार और अनैकान्तिक ये दोनो शब्द पर्य्याय हैं। सव्यभिचार [अर्थात् जिस दोष के जानने से व्याप्तिज्ञान नहीं होता वह व्यभिचार है। इस दोष के साथ जो हेतु सो सव्यभिचार कहलाता है]। तीन प्रकार का है साधारण असाधारण अनुपसंहारी। इन भेदों से इन तीनो में साध्य के अभाव के अधिकरण में जो हेतु रहता है सो साधारण सव्यभिचार कहलाता है जैसे पर्वत वह्निमान् है क्योंकि प्रमेय है [अर्थात् ज्ञान का विषय है। इस स्थल में प्रमेयत्व हेतु साधारण सव्यभिचार है क्योंकि ह्रद में प्रमेयत्व रहता है परन्तु वह्नि का अभाव है।

॥ मूल ॥

२ सर्वसपक्षविपक्षव्यावृत्तोऽसाधारणः। यथा शब्दो नित्यः शब्दत्वादिति शब्दत्वं सर्वेभ्यो नित्येभ्योऽनित्येभ्यश्च व्यावृत्तं शब्दमात्रवृत्ति।

॥ अनुवाद ॥

जो हेतु किसी सपक्ष और विपक्ष में नहीं रहता सो असाधारण सव्यभिचार कहलाता है जैसे शब्द नित्य है क्योंकि वहां शब्दत्व है। इस

स्थल में शब्दत्वहेतु असाधारण सव्यभिचार कहलाता है क्योंकि वह न किसी नित्य में रहता है और न किसी अनित्य पदार्थ में रहता है केवल शब्द में रहता है।

॥ मूल ॥

अन्वयव्यतिरेकदृष्टान्तरहितोऽनुपसंहारी यथा सर्व्वमनित्यम् प्रमे- ६३
यत्वादिति अत्र सर्व्वस्यापि पक्षत्वात् दृष्टान्तो नास्ति।

॥ अनुवाद ॥

जिस हेतु में अन्वयदृष्टान्त और व्यतिरेकदृष्टान्त नहीं मिलता वह अनुपसंहारी सव्यभिचार कहलाता है जैसे सब अनित्य है क्योंकि प्रमेय है इस न्याय में सब जगत पक्ष है इस लिये दृष्टान्त नहीं मिलता।

॥ मूल ।

साध्याभावव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः। यथा शब्दो नित्यः कृतकत्वा- ६४
दिति। कृतकत्वंहि नित्यत्वाभावेनानित्यत्वेन व्याप्तम्।

॥ अनुवाद ॥

विरुद्धहेतु उस को कहते हैं जिस में साध्य के अभाव की व्याप्ति रहती है जैसे शब्द नित्य है क्योंकि कार्य्य है इस न्याय में कृतकत्व [अर्थात् कार्य्यत्व] हेतु नित्यत्व के अभाव की व्याप्ति रखता है। इस लिये विरुद्ध है।

॥ मूल ॥

साध्याभावसाधकं हेत्वन्तरं यस्य स सत्प्रतिपक्षः। यथा शब्दो नित्यः ६५
श्रावणत्वात् शब्दत्ववदिति शब्दोऽनित्यः कार्य्यत्वात् घटवदिति।

॥ अनुवाद ॥

जिस हेतु के प्रयोग में साध्य के अभाव की सिद्धि करनेवाला दूसरा हेतु उपस्थित हो सो सत्प्रतिपक्ष कहलाता है। जैसे शब्द नित्य है क्योंकि श्रवण इंद्री से जाना जाता है। शब्दत्व के सदृश। इस स्थल में श्रावणत्व हेतु नित्यत्व का साधक है जैसे शब्दत्व में और इस के विरुद्ध हेतु यहां उपस्थित होता है कि शब्द अनित्य है क्योंकि कार्य्य है जैसे घट इस स्थान में सत्प्रतिपक्षस्वरूप हेत्वाभास है।

॥ मूल ॥

असिद्धस्त्रिविधः, आश्रयासिद्धः स्वरूपासिद्धो, व्याप्यत्वासिद्धश्चेति।

॥ अनुवाद ॥

असिद्ध तीन प्रकार का है आश्रयासिद्ध स्वरूपासिद्ध और व्याप्यत्वासिद्ध।

॥ मूल ॥

६ आश्रयासिद्धो यथा गगनारविन्दं सुरभि अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्, अत्र गगनारविन्दमाश्रयः सच नास्त्येव।

॥ अनुवाद ॥

६ आश्रयासिद्ध। अर्थात् जिस का पक्ष असत्य है। जैसे किसी ने कहा कि आकाश में उत्पन्न कमल सुगन्धयुक्त है क्योंकि कमल है सरोज कमल के सदृश इस स्थल में गगनारविन्द जिस को पक्ष ठहराते हैं सो असत्य है। तो अरविन्दत्वहेतु आश्रयासिद्ध है।

॥ मूल ॥

स्वरूपासिद्धो यथा शब्दो गुणश्चाक्षुषत्वात्, अत्र चाक्षुषत्वं शब्दे ९।
नास्ति शब्दस्य श्रावणत्वात्।

॥ अनुवाद ॥

स्वरूपासिद्ध [अर्थात् जिस हेतु को पक्ष पर अयोग्यता है जैसे शब्द गुण है क्योंकि चक्षु इंद्री से ज्ञात होता है। इस न्याय में चाक्षुषत्वहेतु से शब्द में गुणत्व का अनुमान नहीं होता है क्योंकि शब्द श्रोत्र से ज्ञात होता है तो यह हेतु स्वरूपासिद्ध कहलाता है।

॥ मूल ॥

सोपाधिको हेतुर्व्याप्यत्वासिद्धः। साध्यव्यापकत्वे सतिसाधनाव्या- ८
पक उपाधिः।

॥ अनुवाद ॥

उपाधि विशिष्ट जो हेतु सो व्याप्यत्वासिद्ध कहलाता है जो पदार्थ साध्य का व्यापक हो और साधन का अव्यापक हो उसे उपाधि कहते हैं।

॥ मूल ॥

साध्यसमानाधिकरणात्यन्ताभावाप्रतियोगित्वं साध्यव्यापकत्वम्। ९९
साधनवन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगित्वं साधनाव्यापकत्वम्।

॥ अनुवाद ॥

साध्य के अधिकरण में रहनेवाला जो अत्यन्ताभाव तिस की प्रतियोगिता जिस पदार्थ में न रहे सो साध्य व्यापक होता है। साधन

[अर्थात् हेतु] के अधिकरण में रहनेवाला जो अत्यन्ताभाव तिस की प्रतियोगिता जिस में रहे सो साधनाव्यापक कहलाता है।

॥ मूल ॥

पर्व्वतो धूमवान् वह्निमत्वादित्यत्र आर्द्रेन्धनसंयोग उपाधिः तथा-हि यत्र धूमस्तत्रार्द्रेन्धन संयोग इति साध्यव्यापकता। यत्र वह्नि-स्तत्रार्द्रेन्धनसंयोगोनास्ति अयोगोलके आर्द्रेन्धन संयोगाभावा-दिति साधनाव्यापकता। एवं साध्यव्यापकत्वेसति साधनाव्या-पकत्वादार्द्रेन्धन संयोगउपाधिः सोपाधिकत्वाद्वह्निमत्वं व्याप्यत्वा-सिद्धम्।

॥ अनुवाद ॥

पर्व्वत धूमवान है क्योंकि वहां वह्नि है इस स्थान में आर्द्रेन्धन का संयोग उपाधि है इस प्रकार से कि जहां धूम रहता है वहां आर्द्रे-न्धन का संयोग भी रहता है इस लिये वह साध्य व्यापक है और जहां वह्नि है वहां आर्द्रेन्धन का संयोग नहीं है जैसे अयोगोलक में वह्नि है परन्तु आर्द्रेन्धन के संयोग का अभाव है इस लिये यह साधन का अव्यापक है। इस प्रकार से आर्द्रेन्धनसंयोग साध्य का व्यापक है और साधन का अव्यापक है इस लिये उपाधि है उपाधि योग से वह्निहेतु व्याप्यत्वासिद्ध है।

॥ मूल ॥

१७ यस्य साध्याभावः प्रमाणान्तरेण निश्चितः स बाधितः यथा वह्निर-नुष्णो द्रव्यत्वादिति। अत्रानुष्णत्वं साध्यम् तदभाव उष्णत्वं

स्पार्शनप्रत्यक्षेण गृह्यते इति बाधितत्वम्। व्याख्यातमनुमान-प्रकरणम्।

॥ अनुवाद ॥

जिस हेतु के साध्य का अभाव दूसरे प्रमाण से पक्ष में निश्चित है सो बाधित है जैसे वह्नि अनुष्ण है क्योंकि द्रव्य है इस स्थान में उष्णत्व का अभाव साध्य है उस का अभाव अर्थात् उष्ण स्पर्श स्पार्शन प्रत्यक्षात्मक जो दूसरा प्रमाण है उस्से ज्ञात होता है इस लिये द्रव्यत्व हेतु बाधित है। अनुमान का व्याख्यान हो चुका।

॥ मूल ॥

उपमितिकरणमुपमानम्। संज्ञासंज्ञिसम्बन्ध ज्ञानमुपमितिः ५।
तत्करणं सादृश्यज्ञानम्। अतिदेशवाक्यार्थस्मरणमवान्तरव्यापारः तथाहि गवयशब्दवाच्यमजानन् कुतश्चिदारण्यकपुरुषाद्गोसदृशो गवय इति श्रुत्वा वनं गतो वाक्यार्थं स्मरन् गोसदृशपिण्डं पश्यति तदनन्तरं असौ गवयशब्दवाच्य इत्युपमितिरुत्पद्यते। व्याख्यातमुपमानम्।

॥ अनुवाद ॥

उपमिति के करण को उपमान कहते हैं। संज्ञा और संज्ञी के सम्बन्धज्ञान को उपमिति कहते हैं—सादृश्य ज्ञान उपमिति का करण है। उपदिष्ट जो वाक्य तिसके अर्थ का जो स्मरण उस को व्यापार कहते हैं इस का उदाहरण—कि कोई पुरुष जो गवय शब्द के वाच्य को नहीं जानता और किसी आरण्यक पुरुष से सुना कि गौ के सदृश गवय होता है यह सुन कर वन में जा कर वाक्यार्थ स्मरण करता

ऊआ गो सदृश पिण्ड देखा इस के अनन्तर यह गवय शब्द वाच्य है यह ज्ञान उत्पन्न होता है। उपमान का व्याख्यान हो चुका।

॥ मूल ॥

आप्तवाक्यं शब्दः। आप्तस्तु यथार्थवक्ता वाक्यं पदसमूहः यथा गामानयेति। शक्तं पदम्। अस्मात्पदादयमर्थो बोद्धव्य इति ईश्वरेच्छा संकेतः शक्तिः।

॥ अनुवाद ॥

आप्त पुरुष के वाक्य को शब्द कहते हैं। यथार्थ कथन करने वाले को आप्त कहते हैं। पदों के समूह को वाक्य कहते हैं और शक्ति जिस में रहे उस को पद कहते हैं इस पद से यह अर्थ बूझने योग्य है इस ईश्वरेच्छारूपी संकेत को शक्ति कहते हैं।

॥ मूल ॥

आकांक्षा योग्यता सन्निधिश्च वाक्यार्थज्ञानहेतुः।

॥ अनुवाद ॥

आकांक्षा योग्यता और सन्निधि वाक्य के अर्थ ज्ञान में हेतु हैं।

॥ मूल ॥

पदस्य पदान्तरव्यतिरेकप्रयुक्तान्वयाननुभावकत्वमाकांक्षा अर्थाबाधो योग्यता। पदानामविलम्बेनोच्चारणं सन्निधिः।

॥ अनुवाद ॥

एक पद में दूसरे पद के न होने के कारण से बोध उत्पन्न करने में जो असामर्थ्य उस को आकांक्षा कहते हैं। अर्थ के अबाध को

योग्यता कहते हैं। पदों का अविलंब से उच्चारण सन्निधि कहलाता है।

॥ मूल ।

आकांक्षादिरहितं वाक्यमप्रमाणम् यथा गौरश्वः पुरुषो हस्तीति न प्रमाणमाकांक्षाविरहात्।

॥ अनुवाद ॥

आकांक्षा आदि से रहित वाक्य प्रमाण नहीं होता जैसे गौ घोडा पुरुष हस्ती यह वाक्य प्रमाण नहीं। क्योंकि यहां आकांक्षा का विरह है। अर्थात् इन पदों का अर्थ बूझने के लिये दूसरे पद की अपेक्षा नहीं।

॥ मूल ॥

अग्निनासिञ्चेदिति न प्रमाणम् योग्यता विरहात्।

॥ अनुवाद ॥

आग से सींचना चाहिए यह वाक्य प्रमाण नहीं है क्योंकि यहां योग्यता का विरह है। अर्थात् सेचन योग्यत्व अग्नि में नहीं है।

॥ मूल ॥

प्रहरेप्रहरे असहोच्चारितानि गामानयेत्यादि पदानि न प्रमाणम् सान्निध्याभावात्।

॥ अनुवाद ॥

प्रहर प्रहर के अन्तर पर असहोच्चारित जो गौ ले आओ ये पद प्रमाण नहीं इस लिये कि सान्निध्य का अभाव है।

॥ मूलं ॥

वाक्यं द्विविधं लौकिकं वैदिकञ्च वैदिकमीश्वरोक्तत्वात्सर्वमेव प्रमाणम् लौकिकंतु आप्तोक्तं प्रमाणं अन्यदप्रमाणम्।

॥ अनुवाद ॥

वाक्य दो प्रकार का है. वैदिक और लौकिक वैदिक वाक्य सब प्रमाण है क्योंकि ईश्वर ने उन को कहा है लौकिक वाक्य वे प्रमाण हैं जिन को आप्त ने कहा है और सब दूसरे वाक्य अप्रमाण हैं।

॥ मूल ॥

वाक्यार्थज्ञानं शाब्दज्ञानं, तत्करणं शब्दः इति यथार्थानुभवो निरूपितः।

॥ अनुवाद ॥

वाक्य के अर्थ का जो ज्ञान सो शाब्दज्ञान कहलाता है अर्थात् शब्दजनित ज्ञान इस ज्ञान का करण शब्द होता है। यथार्थानुभव निरूपण समाप्त हुआ अब आगे अयथार्थानुभव का निरूपण किया जाता है।

॥ मूल ॥

अयथार्थानुभवस्त्रिविधः संशयविपर्य्यय तर्कभेदात्।

॥ अनुवाद ॥

अयथार्थानुभव तीन प्रकार का है संशय विपर्य्यय तर्क इन भेदों से

॥ मूल ॥

एकस्मिन्धर्म्मिणि विरुद्धनानाधर्म्मवैशिष्ट्यावगाहि ज्ञानं संशयः यथा स्थाणुर्वा पुरुषोवेति।

॥ अनुवाद ॥

एक धर्मि में विरुद्धानेकधर्मवैशिष्ट्यविषयक जो ज्ञान वह संशय है। जैसा स्थाणु है वा पुरुष है यह ज्ञान।

॥ मूल ॥

मिथ्याज्ञानं विपर्ययः। यथा शुक्ताविदं रजतमिति। ६४

॥ अनुवाद ॥

मिथ्या ज्ञान विपर्यय है। जैसा शुक्ति में यह रजत है।

॥ मूल ॥

व्याप्यारोपेण व्यापकारोपस्तर्कः। यथा यदि वन्हिर्नस्यात् तर्हि ६५
धूमोपि नस्यादिति।

॥ अनुवाद ॥

व्याप्य के आरोप से व्यापक का जो आरोप वह तर्क है। जैसा जो वन्हि न रहे तो धूम भी नहीं रहेगा।

॥ मूल ॥

स्मृतिरपि द्विधा यथार्थाऽयथार्थाच। प्रमाजन्या यथार्था अप्रमा ६५
जन्या अयथार्था।

॥ अनुवाद ॥

स्मृति भी दो प्रकार की है यथार्थ और अयथार्थ। प्रमा से उत्पन्न यथार्थ है और अप्रमा से उत्पन्न अयथार्थ है।

॥ मूल ॥

सर्व्वेषामनुकूलवेदनीयं सुखं। प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्। ६६

51044

॥ अनुवाद ॥

सभों को अनुकूलता से जिस का अनुभव होता है वह सुख है। और जिस का प्रतिकूलता से अनुभव होता है वह दुःख है।

॥ मूल ॥

इच्छा कामः क्रोधोद्वेषः। क्षतिः प्रयत्नः।

॥ अनुवाद ॥

८ = इच्छा काम है। क्रोध द्वेष है। क्षति प्रयत्न है।

९-१०

॥ मूल ॥

११ विहितकर्मजन्योधर्मः निषिद्धकर्मजन्यस्त्वधर्मः।

॥ अनुवाद ॥

विहित कर्म से उत्पन्न धर्म है। और निषिद्ध कर्म से उत्पन्न अधर्म है।

॥ मूल ॥

१२ बुद्ध्यादयोऽष्टावात्ममात्रविशेष गुणाः।

॥ अनुवाद ॥

बुद्धिआदि आठ केवल आत्मा के विशेष गुण हैं।

॥ मूल ॥

१३ बुद्धीच्छाप्रयत्नाद्विविधा नित्या अनित्याश्च। नित्या ईश्वरस्य-अनित्या जीवस्य।

॥ अनुवाद ॥

बुद्धि इच्छा और प्रयत्न ये दो प्रकार के हैं। नित्य और अनित्य। नित्य ईश्वर के हैं और अनित्य जीव के हैं।

॥ मूल ॥

संस्कारस्त्रिविधो वेगो भावना स्थितिस्थापकश्चेति। वेगः पृथिव्यादिचतुष्टयमनोवृत्तिः। अनुभवजन्यास्मृतिहेतुर्भावना। आत्ममात्रवृत्तिः। अन्यथाकृतस्य पुनस्तादवस्थ्यापादकः स्थितिस्थापकः। कटादिपृथिवी वृत्तिः। इति गुणाः। १७

॥ अनुवाद ॥

संस्कार तीन प्रकार का है वेग भावना और स्थितिस्थापक। वेग पृथिवी आदि चार और मन इन पांचों में रहता है। अनुभव जन्य और स्मृति का हेतु भावना है वह केवल आत्मा में रहता है। अन्यथाकृत को फिर उसी अवस्था में ले आनेहारा स्थितिस्थापक है यह केवल कटआदि जो पृथिवी उस में रहता है॥ गुणों का कथन हो चुका॥

॥ मूल ॥

चलनात्मकं कर्म। १६

॥ अनुवाद ॥

चलनात्मक कर्म है।

॥ मूल ॥

ऊर्ध्वदेशसंयोगहेतुरुत्क्षेपणम्। अधोदेशसंयोगहेतुरपक्षेपणम्। १६

अ शरीरस्य सन्निकृष्टसंयोगहेतुराकुंचनम्। विप्रकृष्टसंयोगहेतुः प्र-
ब सारणम्। अन्यत्सर्वं गमनम्। पृथिव्यादिचतुष्टयमनोमात्र वृत्ति॥
५
ग
च

॥ अनुवाद ॥

ऊर्ध्वदेश के संयोग का हेतु उत्क्षेपण है। अधोदेश के संयोग का हेतु अपक्षेपण है। शरीर के सन्निकृष्ट के संयोग का हेतु आकुञ्चन है। विप्रकृष्ट के संयोग का हेतु प्रसारण है और सब गमन है। पृथिवी आदि चार और मन इन पांचों में रहता है।

॥ मूल ॥

नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्यम् द्रव्यगुणकर्मवृत्ति। तत् द्विविधम् परापरभेदात्। परं सत्ता। अपरं जातिर्द्रव्यत्वादिः।

॥ अनुवाद ॥

नित्य एक और अनेक पदार्थों में अनुगत जो है सो सामान्यहै। द्रव्य गुण और कर्म इन तीनों में रहता है। वह दो प्रकार का है पर और अपर इन भेदों से। सत्ता पर है और द्रव्यत्वादि जाति अपर है।

॥ मूल ॥

नित्यद्रव्यवृत्तयो व्यावर्त्तका विशेषाः।

॥ अनुवाद ॥

नित्य द्रव्य में रहते हुए जो व्यावर्त्तक हैं वह विशेष हैं।

॥ मूल ॥

[illegible]मम्बन्धः समवायः। अयुतसिद्धवृत्तिः। ययोर्द्वयोर्मध्ये एक-

मपराश्रितमेवावतिष्ठते तावयुतसिद्धौ। अवयवावयविनौ गुण-गुणिनौ क्रियाक्रियावन्तौ जातिव्यक्ती विशेषनित्यद्रव्येचेति।

॥ अनुवाद ॥

नित्य सम्बन्ध समवाय है वह अयुत सिद्ध पदार्थों में रहता है जिन पदार्थों में एक दूसरे पर आश्रित रहता है वे अयुत सिद्ध हैं। अवयव और अवयवी गुण और गुणी क्रिया और क्रियावान् जाति और व्यक्ती विशेष और नित्य द्रव्य इतने अयुतसिद्ध पदार्थ हैं।

॥ मूल ॥

अनादिः सान्तः प्रागभावः। उत्पत्तेः पूर्वं कार्यस्य। सादिरनन्तः प्रध्वंसः। उत्पत्यनन्तरं कार्यस्य। त्रैकालिकसंसर्गावच्छिन्नप्रतियोगिकोऽत्यन्ताभावः। यथा भूतले घटो नास्तीति। तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिकोऽन्योन्याभावः। यथा घटः पटो न भवतीति।

॥ अनुवाद ॥

जिस का आदि अर्थात् उत्पत्ति नहीं है और अंत है वह प्राग भाव है। यह कार्य के उत्पत्ति के पहिले रहता है। जिस का आदि है और अंत नहीं वह प्रध्वंस है। यह कार्य के उत्पत्ति के अनंतर रहता है। तीनों काल में जो सम्बन्ध उस का प्रतियोगी अत्यंताभाव है। जैसा भूतल पर घट नहीं है। तादात्म्य सम्बन्ध का प्रतियोगी अन्योन्याभाव है जैसा घट जो है सो पट नहीं है।

॥ मूल ॥

सर्वेषां पदार्थानां यथायथमुक्तेष्वेवान्तर्भावात्सप्तैव पदार्था इति सिद्धम्।

॥ अनुवाद ॥

यथा योग्य रूप से कहे हुए पदार्थों में सब पदार्थों का अंतर्भाव होता है इस लिये सात ही पदार्थ है यह सिद्ध भया।

॥ मूल ॥

कणादन्यायमतयोर्बालव्युत्पत्तिसिद्धये।
अन्नंभट्टेन विदुषा रचितस्तर्कसंग्रहः॥

॥ अनुवाद ॥

कणाद और न्याय इन के मतों में बालकों को व्युत्पत्ति होने के लिये विद्वान् जो अन्नं भट्ट उस ने तर्कसंग्रह की रचना की है।

॥ मूल ॥

इति तर्कसंग्रहः समाप्तः।

॥ अनुवाद ॥

इस प्रकार से तर्कसंग्रह संपूर्ण भया।

[जो अग्रिम वाक्य विस्मरण से लुप्त हुए थे सो २६ वें पृष्ठ में १५ वीं पंक्ती के अनन्तर स्थापन करना]

॥ मूल ॥

तत्र प्रत्यक्षज्ञानकरणं प्रत्यक्षं। इन्द्रियसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षं। तत् द्विविधं निर्विकल्पकं सविकल्पकञ्च तत्र निष्प्रकारकं ज्ञानं

निर्विकल्पकं। यथा इदं किञ्चित् सप्रकारकं ज्ञानं सविकल्पकं। यथा डित्थोयं ब्राह्मणोयं श्यामोयमिति।

॥ अनुवाद ॥

उस में प्रत्यक्ष ज्ञान का करण प्रत्यक्ष है इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं वह दो प्रकार का है एक निर्विकल्पक और दूसरा सविकल्पक इन में निष्प्रकारक ज्ञान निर्विकल्पक है जैसा यह कुछ है और सप्रकारक ज्ञान सविकल्पक है जैसा यह डित्थ है यह ब्राह्मण है यह श्याम है।

॥ मूल ॥

प्रत्यक्षज्ञानहेतुरिन्द्रियार्थसन्निकर्षः षड्विधःसंयोगसंयुक्तसमवाय ४३
संयुक्तसमवेतसमवायसमवायसमवेतसमवायविशेषणविशेष्यभावा-
दिति। चक्षुषा घट प्रत्यक्ष जानने संयोगः सन्निकर्षः। घटरूप-
प्रत्यक्ष जनने संयुक्तसमवायः सन्निकर्षः चक्षुः संयुक्ते घटे रूपस्य
समवायात्। रूपत्व सामान्यप्रत्यक्षे संयुक्त समवेतसमबायः सन्नि-
कर्षः चक्षुः संयुक्ते घटे रूपं समवेतं तत्र रूपत्वस्य समवायात्।
श्रोत्रेण शब्दसाक्षात्कारे समवायः सन्निकर्षः कर्णविवरवृत्याका-
शस्य श्रोत्रत्वात् शब्दस्याकाशगुणत्वात् गुणगुणिनोश्च समवा-
यात्। शब्दत्व साक्षात्कारे समवेतसमवायः सन्निकर्षः श्रोत्रसमवेते
शब्दे शब्दत्वस्य समवायात्। अभावप्रत्यक्षे विशेषणविशेष्य भावः
सन्निकर्षः घटाभाववद्भूतलमित्यत्र चक्षुः संयुक्ते भूतले घटाभावस्य
विशेषणत्वात्। एवं सन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षं तत्करण-
मिन्द्रियं प्रत्यक्षप्रमाणमिति सिद्धम्।

॥ अनुवाद ॥

प्रत्यक्ष ज्ञान का हेतु इन्द्रिय और अर्थ का सन्निकर्ष छह प्रकार का है संयोग संयुक्तसमवाय संयुक्तसमवेतसमवाय समवाय समवेत समवाय विशेषणविशेष्यभाव इन भेदों से। चक्षु से घट का प्रत्यक्ष उत्पन्न होने में संयोग सन्निकर्ष है। घट रूप के प्रत्यक्ष होने में संयुक्तसमवाय सन्निकर्ष है क्योंकि चक्षुः संयुक्त घट में रूप का समवाय है। रूपत्व सामान्य के प्रत्यक्ष होने में संयुक्तसमवेतसमवाय सन्निकर्ष है जिस लिये कि चक्षुः संयुक्त घट में रूप समवेत है उस में रूपत्व का समवाय है। श्रोत्र से शब्द के प्रत्यक्ष होने में समवाय सन्निकर्ष है क्योंकि कर्णविवरवृत्ति जो आकाश वही श्रोत्र है और आकाश का शब्द गुण है और गुण और गुणी का समवाय है। शब्दत्व के प्रत्यक्ष होने में समवेतसमवाय सन्निकर्ष है जिस लिये कि श्रोत्र समवेत जो शब्द उस में शब्दत्व का समवाय है। अभाव के प्रत्यक्ष होने में विशेषणविशेष्यभाव सन्निकर्ष है जैसा जहां भूतल पर घट का अभाव है वहां चक्षुः संयुक्त भूतल में घट के अभावके विशेषणत्व है। एवं छह प्रकार के सन्निकर्ष से उत्पन्न जो ज्ञान प्रत्यक्ष है उस का करण इन्द्रिय है इस लिये इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमा है यह सिद्ध भया।

॥ इति प्रत्यक्षखंडः ॥

00051044

Digitized with financial assistance from the
Government of Maharashtra
on 26 March, 2016